संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक : **14.12.2011**

निम्नलिखित पदों की भर्ती हेतु ऑन लाइन आवेदन–पत्र (On Line Application form) पर आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। अभ्यर्थी को प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र भरना आवश्यक है।

विज्ञापन संख्या : 9/विज्ञापन/परीक्षा/शारी.प्रशि.अनु.ग्रेड–II & III/मा.शि.वि./2011–12

राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम, 1971 के अन्तर्गत रिक्त पदों का विवरण एवं योग्यताएं

क्रम सं.	पद एवं विभाग का नाम	कुल पद	योग्यताएं	आयु दिनांक 01.01.13 को	वेतनमान
1.	शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड– II **(Physical Training Instructor Gr-II)** माध्यमिक शिक्षा विभाग।	230	1. Bachelor of Physical Education (B.P.Ed.) recognised by the National Council for Teacher Education. (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बी.पी.एड.) 2. Working Knowledge of Hindi written in Devnagari Script and knowledge of Rajasthani Culture.	न्यूनतम 18 एवं अधिकतम 35 से कम।	रनिंग पे बेण्ड (रू.9300–34800) ग्रेड पे (रू. 3600/–)
2.	शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड– III **(Physical Training Instructor Gr-III)** माध्यमिक शिक्षा विभाग।	1303	1. Bachelor of Physical Education (B.P.Ed.) or Certificate in Physical Education (C.P.Ed.) or Diploma in Physical Education (D.P.Ed.) recognised by the National Council for Teacher Education.(राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बी.पी.एड.) या शारीरिक शिक्षा में प्रमाण प्रत्र (सी.पी.एड.) या शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एड.) 2. Working Knowledge of Hindi written in Devnagari Script and knowledge of Rajasthani Culture.	न्यूनतम 18 एवं अधिकतम 35 से कम।	रनिंग पे बेण्ड (रू. 5200–20200) ग्रेड पे (रू. 2800/–)

नोट:– परन्तु यह कि उपरोक्त योग्यता के पाठयक्रम के अन्तिम वर्ष की परीक्षा जो सीधी भर्ती के लिए नियमों या अनुसूची यथा उल्लिखित अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता है में सम्मिलित हुआ हो या सम्मिलित होने वाला व्यक्ति पद के लिये आवेदन करने के लिये पात्र होगा किन्तु उसे आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व शैक्षणिक अर्हता अर्जित करने का सबूत देना होगा, अन्यथा आवेदक अपात्र माना जावेगा।

विज्ञापन संख्या : 10/विज्ञापन/परीक्षा/एना.कम प्रो.एवं प्रो./सू.प्रौ. और संचार विभाग/2011–12

राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 1992 के अन्तर्गत पदों का विवरण एवं योग्यताएं

1.	**एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक) Analyst-Cum-Programmer (Deputy Director)** सूचना, प्रौद्योगिकी और संचार विभाग।	49	1. M.C.A. or B.E./B.Tech. in Information Technology or Computer Science or Electronics and Communications from a recognized University established by law in India or a qualification recognized as equivalent thereto by the Government. **OR** M.Tech. degree in Information Technology or Computer Science or Electronics and Communications from a recognized University established by law in India or a qualification recognized as equivalent thereto by the Government. **OR** M.B.A. (IT) from a University established by law in India or a qualification recognized as equivalent thereto by the Government. **AND** 2. 5 years' post qualification work experience in System Designing, System Development, Programming in JAVA/Dot Net/VB/J2EE, System Management in a Government Organization/Government undertakings/Public Limited/ Private Limited companies: Provided that in case sufficient number of candidates possessing prescribed experiences are not available the condition in regard to experience may be relaxed to the extent of three years. 3. Working Knowledge of Hindi written in Devnagari Script and knowledge of Rajasthani Culture.	अधिकतम 37 से कम।	रनिंग पे बेण्ड सं.– 3 (रू.15600–39100) ग्रेड पे सं. 17 (रू. 6600/–)
2.	**प्रोग्रामर (Programmer)**, सूचना, प्रौद्योगिकी और संचार विभाग।	78	1. M.C.A. or B.E./B.Tech./M.Sc. in Information Technology or Computer Science or Electronics and Communications from a recognized University established by law in India or a qualification recognized as equivalent thereto by the Government. **OR** M.Tech. degree in Information Technology or Computer Science or Electronics and Communications from a recognized University established by law in India or a qualification recognized as equivalent thereto by the Government. **OR** M.B.A. (IT) from a University established by law in India or a qualification recognized as equivalent thereto by the Government. **AND** 2. 2 years' post qualification work experience in Programming in JAVA/Dot Net/VB/J2EE in a Government Organization/ Government undertaking/ Public Limited/Private Limited company: Provided that in case sufficient number of candidates possessing prescribed experiences are not available the condition in regard to experience may be relaxed to the extent of One year. 3. Working Knowledge of Hindi written in Devnagari Script and knowledge of Rajasthani Culture.	अधिकतम 37 से कम।	रनिंग पे बेण्ड सं.–2 (रू. 9300–34800) ग्रेड पे सं. 13 (रू. 4200/–)

नोट :– प्रार्थी को अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता प्राप्त करने के पश्चात् निर्धारित अनुभव आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक प्राप्त होना आवश्यक है अन्यथा अपात्र ।

विशेष नोट :–

(1) On line Application Form में समस्त वांछित सूचना अवश्य अंकित करें। कोई सूचना गलत या अपूर्ण भरने पर अभ्यर्थी का आवेदन रद्द कर उसे परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी।

(2) आरक्षण की स्थिति एवं नियुक्ति प्रक्रिया राज्य सरकार के निर्देशों एवं नवीनतम नियमों के अध्यधीन परिवर्तनीय होगी।

2. **(क) आवेदन प्रक्रिया** – आवेदन On line Application Form में लिये जाएंगे जिन्हें **राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.)** के माध्यम से भरा जा सकता है। इस हेतु अभ्यर्थी द्वारा **रुपये 40/–** (**रुपये 35/–** आवेदन–पत्र भरने हेतु + **रुपये 5/–** परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु) की राशि सेवा प्रदाता को सेवा शुल्क के रूप में देनी होगी। आवेदक यदि स्वयं अपने स्तर पर ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरना चाहता है तो वह **ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र** पर केवल परीक्षा शुल्क जमा कराकर आयोग की वेबसाइट **http://www.rpsc.gov.in** से स्वयं आवेदन भर सकता है। इस स्थिति में उसे वहां परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु मात्र **रुपये 5/–** ही सेवा शुल्क देना होगा। ऑनलाइन आवेदन–पत्रों को भरने के लिये अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेब–साइट पर उपलब्ध है। **हाथ से भरे गए आवेदन–पत्र किसी भी रूप में आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

(ख) परीक्षा शुल्क का ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड तथा नेट बैंकिंग से भुगतान की सुविधा के लिए ई–मित्र पोर्टल पर आवश्यक कॉलम की पूर्ति करने के उपरान्त वहां से प्राप्त टोकन नम्बर को यथावत उसी प्रकार से आयोग के ऑनलाइन फार्म में भरें।

(ग) अभ्यर्थी यह ध्यान दें कि ऑनलाईन आवेदन के उपरान्त उन्हें आवेदन–पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से उपलब्ध होगा और यदि आवेदन–पत्र क्रमांक अंकित या प्राप्त नहीं हुआ है, तो इसका अर्थ यह है कि उसका आवेदन–पत्र जमा नहीं हुआ है।

(घ) परीक्षा शुल्क के भुगतान के अन्य माध्यम की सुविधा लागू होने पर यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

3. **प्रवेश–पत्र** – आयोग द्वारा समस्त ऑनलाइन आवेदनों में वेब–साइट के माध्यम से ही ऑनलाइन प्रवेश–पत्र जारी किए जाएंगे और आयोग द्वारा डाक से कोई भी प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जाएगा।

4. **परीक्षा शुल्क :–** आवेदक अपनी श्रेणी के अनुरूप निम्नानुसार परीक्षा शुल्क **राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क** या **जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.)** के माध्यम से आयोग को भेजे :–

(क) सामान्य वर्ग व क्रीमीलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग के आवेदक हेतु – **रुपये 250/–**

(ख) राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग एवं विशेष पिछड़ा वर्ग के आवेदक हेतु– **रुपये 150/–**

(ग) समस्त निःशक्तजन तथा राजस्थान की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदक हेतु– **रुपये 50/–**

नोट **:–** ऑनलाइन आवेदन का निर्धारित सेवा शुल्क **रुपये 40/– (रुपये 35** आवेदन–पत्र भरने हेतु + **रुपये 5/–** परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु) अतिरिक्त रूप में सभी को देने होंगे।

5. अभ्यर्थी आवेदन–पत्र भरने से पूर्व परीक्षा की स्कीम एवं विस्तृत विज्ञापन आयोग की वेबसाइट **http://www.rpsc.gov.in या rpsconline.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर लें तथा आवेदन पत्र भरने की पूर्ण प्रक्रिया का अध्ययन कर लें।

6. **अन्तिम दिनांक –**

1. फीस जमा कराने का अन्तिम दिनांक– 10 जनवरी, 2012 एवं

2. आवेदन जमा कराने का अन्तिम दिनांक– 15 जनवरी, 2012 को रात्रि 12–00 बजे तक (इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जाएगा।) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

7. **परीक्षा का स्थान एवं माह** :– इन पदों की परीक्षा की तिथि आवेदन की अंतिम तिथि के उपरांत यथाशीघ्र रखी जाएगी। परीक्षा स्थान से तत्समय सूचित किया जाएगा।

8. **कृपया ध्यान दें :–** इन पदों का विस्तृत विज्ञापन (जिसमें आयु सम्बन्धी छूट आदि की सूचना दी गई है) **राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर** के संस्करण **दिनांक 01.01.2012** में एवं आयोग की वेबसाइट **www.rpsc.gov.in या rpsconline.rajasthan.gov.in** से भी प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु आयोग कार्यालय में विशेष रूप से बनाए गए काउन्टर पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष 145–5151200 एवं 5151240 से सम्पर्क किया जा सकता है।

(डॉ.के.के.पाठक)
सचिव